दिनांक 28.06.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कचरा के बेहतर निष्पादन के लिए वार्ड 01 खमरिया क्षेत्र में बनेगा एसएलआरएम सेंटर

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम , भिलाई में एक और एसएलआरएम सेंटर बनाने के लिए शासन से स्वीकृति मिल गई है। निगम क्षेत्र से निकलने वाले कचरों के निष्पादन कार्य में और तेजी आएगी। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने एसएलआरएम सेंटर के लिए स्थल चयन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है! जोन 01 नेहरूनगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 01 खम्हरिया में बनने वाले एसएलआरएम के लिए स्थान का चयन होने के बाद शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वर्तमान में भिलाई निगम में खुर्सीपार आईटीआई के पास, मदरटेरेसा नगर बैकुंठ धाम के पास, पीली मिट्टी चौक व नेहरू नगर पश्चिम रैश्ने आवास के पास के स्थान पर एसएलआरएम सेंटर संचालित हो रहा है अब खमरिया क्षेत्र में कचरा पृथककीकरण केंद्र बनने से क्षेत्र से निकलने वाले कचरा के निष्पादन करने में आसानी होगी। जोन 01 के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा एवं उप अभियंता अरविंद शर्मा ने बताया कि वार्ड 01 खम्हरिया में नये बनने वाले एसएलआरएम सेंटर हेतु 21 लाख 50 हजार की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसका कार्यादेश जारी किया जा चुका है शीघ्र ही निर्माण शुरू किया जाएगा। खम्हरिया के मुक्तिधाम के समीप एसएलआरएम सेंटर 627 वर्गमीटर में बनेगा। बारिश के सीजन में कीचड़ , गंदगी न हो इसके लिए पेवर ब्लाॅक , वहां काम करने वाले कर्मचारियों के लिए पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यस्था की जाने की योजना है , मेन रोड से कचरा वाहन के आने जाने एप्रोच रोड बनाने के साथ ही सभी तरह की सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा संचालित एसएलआरएम सेंटर में संपूर्ण निगम क्षेत्र से निकलने वाले कचरे को वहां एकत्रित करने के बाद सभी तरह के गीले एवं सूखे कचरे को अलग रखा जाता है। गीले कचरों को पृथक करने के बाद खाद बनाया जाता है, इसी प्रकार लोहा, टीना, प्लास्टिक, कांच इत्यादि के सूखे कचरे को पृथक किए जाने के बाद पॉलिथीन के कचरे को बेलिंग मशीन की सहायता से बंडल बनाया जाता है जिसकी सीमेंट कंपनियों में मांग बढ़ने लगी है! खम्हरिया में नया एसएलआरएम सेंटर बनने से कचरों के निष्पादन कार्य और भी शीघ्रता के साथ होने लगेगा।